दिनांक 17 जून 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शहर में बनेंगे वेंडिंग एवं नान वेंडिंग जोन, कार्यशाला में महापौर नीरज पाल सहित व्यापारियों ने दिए सुझाव, पथ विक्रेताओं के ठेले, गुमटिया होंगी व्यवस्थित, स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा विशिष्ट पहचान पत्र, विधायक विद्यारतन भसीन भी रहे मौजूद

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज पथ विक्रेताओं के संरक्षण हेतु नगर विक्रय समिति का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महापौर नीरज पाल ने सरस्वती माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप जलाकर कार्यशाला की शुरुआत की। आयोजित कार्यशाला में पथ विक्रेताओं को एक बेहतर और सुव्यवस्थित तरीके से वेंडिंग जोन के माध्यम से प्लेटफार्म दिए जाने पर प्रेजेंटेशन दिया गया। प्रेजेंटेशन देने के बाद विधायक विद्यारतन भसीन एवं महापौर नीरज पाल सहित एमआईसी मेंबर तथा व्यापारियों ने वेंडिंग एवं नान वेंडिंग जोन बनाए जाने पर अपने-अपने सुझाव व्यक्त किए। महापौर ने इस दौरान अपने सुझाव में कहा कि पथ विक्रेताओं के लिए यह अच्छी योजना है, इसे पथ विक्रेताओं के साथ मिलकर उनके सुझावों के साथ अमलीजामा पहनाने की जरूरत है, धरातल पर इस कार्य योजना को लाने के लिए समय-समय पर इसकी बैठके भी जरूरी है, पथ विक्रेता रोज अपने व्यवसाय से गुजारा करते हैं, इन्हें सुव्यवस्थित करने के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार किए जाने की आवश्यकता है, पथ विक्रेताओं से भी रायशुमारी की जरूरत है तभी शहर में व्यवस्थित वेंडिंग एवं नॉन वेंडिंग जोन बनाए जा सकते हैं। विधायक विद्यारतन भसीन ने अपने सुझाव में कहा कि यह एक अच्छी कार्य योजना है इस विषय पर गंभीरता से कार्य करना होगा। वही महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी एवं लालचंद वर्मा तथा व्यापारियों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आज की बैठक के अनुसार आगामी कार्य योजना तैयार की जाएगी। आज की कार्यशाला में प्रमुख रूप से निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, सभापति गिरवर बंटी साहू, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान, चंद्रशेखर गवई, मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा, केशव चौबे, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, रामानंद मौर्या, जालंधर सिंह, पार्षद के जगदीश, महेश वर्मा, रविशंकर कुर्रे, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, सभी जोन आयुक्त, चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी, व्यापारी गण, नगर विकास समिति के सदस्य, सहायक राजस्व अधिकारी आदि मौजूद रहे।